2 0 2 0

HINDI

(Major)

Paper : 6.4

(Prayojanmulak Hindi Evam Anuwad)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) टिप्पण क्या है?

(ख) किसी एक कार्यालयी पत्र का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) 'पत्रकारिता' शब्द का क्या अर्थ है?

(घ) लक्ष्य भाषा किसे कहा जाता है?

(ङ) 'प्रतिवेदन' शब्द का क्या अर्थ है?

(च) 'प्रयोजनमूलक' शब्द किसका पर्याय है?

(छ) 'संविधान' शब्द को परिभाषित कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के तीनों प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

(ख) अच्छे टिप्पण की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) राजभाषा अधिनियम, 1963 के किन्हीं दो नियमों का उल्लेख कीजिए।

(घ) कार्यालयी पत्राचार का उद्देश्य क्या है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) संविधान के अनुच्छेद 351 के लक्ष्य को रेखांकित कीजिए।

(ख) अनुवाद की उपयोगिता क्या है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) निम्नलिखित के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

Clerk ; Radio station ; Ad-hoc ; Agenda ; Custom ; Deputation ; Enclosure ; Survey ; Gratuity ; Judgement.

(घ) निम्नलिखित गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए :

आधुनिक युग में समाज और राष्ट्र के जीवन में समाचार-पत्रों का बहुत ही विशिष्ट और ऊँचा स्थान है। यह मानो अपने देश की सभ्यता, संस्कृति और शक्ति का मानदण्ड बन गया है। जिस देश में जितने अच्छे और जितने अधिक समाचार-पत्र होते हैं वह देश उतना ही उन्नत और प्रभावशाली समझा जाता है। बहुत-से क्षेत्रों में जो

काम समाचार-पत्र कर जाता है, वह बड़ी-बड़ी सेनाएँ और बड़े-बड़े राजनीतिक नेता भी नहीं कर पाते। यह एक ओर तो जनता का मत सरकार और संसद में प्रकट करता है, दूसरी ओर, देश में सुदृढ़ और संपुष्ट लोकमत तैयार करता है। देश को सब प्रकार से जाग्रत और सजीव रखने में जितनी अधिक सहायता समाचार-पत्र से मिलती है, उतनी शायद किसी और चीज से नहीं। इसलिए अब समाचार-पत्र का बहुत महत्त्व है।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए :

Satyapriya was known as Tughlaq in his friend circle. He himself was not aware of it. It was from his wife Adhunika that he came to know about it. In a marriage function, Adhunika came across one of their old friends. She met her after a long time. So naturally the conversation turned out to be exciting. The subject matters were remarkable, both in its variety and in the span covered. In fact, they ranged from politics, sports, cinema to the kitchen and the taste of cooking.

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) विज्ञापन किसे कहा जाता है? अच्छे विज्ञापन के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

अथवा

राजभाषा हिन्दी की परिव्याप्ति को रेखांकित कीजिए।

(ख) सामान्य हिन्दी और साहित्यिक हिन्दी में निहित अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कम्प्यूटर में हिन्दी के प्रयोग के संदर्भ में आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालकर उनके समाधान के उपाय पर विचार कीजिए।

(ग) दूरदर्शन **अथवा** रेडियो में प्रयुक्त हिन्दी पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

प्रयोजनमूलक हिन्दी को परिभाषित करते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

★★★